Set-3

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग

## संचयी / अर्धवार्षिक परीक्षा 2023 – 24

## विषय – हिंदी (आधार)

## विषय कोड – 302

## कक्षा –11

निर्धारित समय – 3 घंटे

अधिकतम अंक – 80

| सामान्य और आवश्यक निदेश – |
|---|
| 1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब' । कुल प्रश्न 15 हैं।<br>2. खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।<br>3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।<br>4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।<br>5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए । |
| **खड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)** |

| प्रश्न-1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए- | 1X10=10 |
|---|---|---|
| | शनि हमारे सौरमंडल का सबसे सुन्दर ग्रह है। सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि का दूसरा स्थान है। यह ग्रह हमारी पृथ्वी से करीब 750 गुनाबड़ा है। सूर्य से शनि ग्रह की दूरी 143 करोड़ किलोमीटर है। हमारी पृथ्वी सूर्य से 15 करोड़ किलोमीटर दूर है। इस प्रकार शनि ग्रह, पृथ्वी की अपेक्षा दस गुना अधिक दूर है। इसे आकाश में खुली आँखों से भी पहचाना जा सकता है। ज्योतिषियों ने इस ग्रह के बारे में कई अन्धविश्वास पैदा कर दिए हैं। उनके अनुसार यह ग्रह इतना अशुभ है कि जिस राशि में इसका निवास होता है, यह उस राशि पर भयंकर प्रभाव डालता है। काफी समय तक यह उस राशि का पीछा नहीं छोड़ता।<br><br>प्राचीन कल में शनि को अमंगलकारी ग्रह समझ लिया गया था। पौराणिक आख्यानों के आधार पर शनि सूर्य के पुत्र हैं। भैंसा इनका प्रियवाहन है और इनको तेल अत्यंत प्रिय है। सत्य यह है कि शनि सौर-मंडल का सबसे सुन्दर ग्रह है। पुराने समय में लोग इसकी | |

| | | |
|---|---|---|
| | सुंदरता को देखने में असमर्थ थे। सुनी-सुनाई बातों के आधार पर लोगों में इस ग्रह के बारे में भ्रांतियां फैलती चली गई। आधुनिक खोजों ने सिद्ध किया है कि दूरबीन से शनि ग्रह को देखा जाये तो पुराने ख्याल बदल जाएँगे।<br><br>ग्रहों के क्रमानुसार सौरमंडल में शनि का स्थान छठे नंबर पर है। यह बृहस्पति और यूरेनस के मध्य सूर्य की परिक्रमा करता है। यह ग्रह अत्यंत मंद गति से सूर्य के चारों ओर करीब तीस वर्ष में एक चक्कर पूरा करता है। शनि का दिन हमारे दिन से छोटा होता है। शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है। शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य से 150 डिग्री सेंटीग्रेड नीचे रहता है। अत: यहाँ जीवन संभव नहीं है।<br><br>पुराने समय में सौरमंडल में केवल एक चंद्र की जानकारी थी। वैज्ञानिक खोजों के आधार पर अनेक चंद्रों की खोज की गई है। शनि के उपग्रहों की संख्या सत्रह हो गई है। पूरे सौरमंडल में साठ उपग्रहों की खोज की गई है। शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन है। यह उपग्रह हमारे उपग्रह चन्द्रमा से काफी बड़ा है। टाइटन की अद्भुत चीज़ इसका वायुमंडल है। इसके वायुमंडल में मीथेन गैस पर्याप्त मात्रा में है। इस पर मीथेन, पानी की तरह मानी जा सकती है।<br><br>शनि को दूरबीन से देखा जाए तो इसके चारों ओर वलय या घेरे दिखाई देते हैं। इन वलयों या कंकड़ों से इसकी सुंदरता काफी बढ़ जाती है। इन वलयों की खोज गैलिलियों ने की थी। नई खोजों के आधार पर सौरमंडल के कई ग्रहों के वलयों की खोज हो चुकी है। शनि जितने सुन्दर और स्पष्ट वलय किसी ग्रह के नहीं हैं। | |
| **(i)** | गद्य के अनुसार पृथ्वी से 750 गुना बड़ा ग्रह कौन सा है ?<br>(i) अरुण<br>(ii) शनि<br>(iii) बुध<br>(iv) शुक्र | 1 |
| **(ii)** | इस गद्यांश में किस अंध-विश्वास की बात की गई है ?<br>(i) यह ग्रह शुभ है<br>(ii) यह राशि को लाभान्वित स्थितियाँ देता है।<br>(iii) यह ग्रह अशुभ है तथा राशि पर भयंकर प्रभाव डालता है।<br>(iv) सभी उत्तर सही हैं। | 1 |
| **(iii)** | शनि को लेकर अंध-विश्वास क्या है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) ज्योतिषियों द्वारा अन्धविश्वास पैदा किये गए।<br>(ii) सुनी-सुनाई बातों ने अन्धविश्वास को बढ़ा दिया।<br>(iii) प्राचीन काल के लोग इसके सौंदर्य तथा महत्त्व से अनभिज्ञ थे।<br>(iv) तीनों विकल्प सही हैं। | |
| **(iv)** | शनि ग्रह पर जीवन सम्भव क्यों नहीं है?<br>(i) क्योंकि यहाँ के वातावरण में मीथेन गैस है ।<br>(ii) क्योंकि यहाँ तापमान शून्य से 150 डिग्री नीचे रहता है।<br>(iii) उपर्युक्त दोनों विकल्प गलत हैं।<br>(iv) उपर्युक्त दोनों विकल्प सही हैं। | 1 |
| **(v)** | इनमें से कौन सा विकल्प गद्यांश के सन्दर्भ में सही नहीं है।<br>(i) शनि बृहस्पति और यूरेनस के मध्य सूर्य की परिक्रमा करता है।<br>(ii) शनि का दिन हमारे दिन से छोटा होता है।<br>(iii) शनि का दिन हमारे दिन से बड़ा होता है।<br>(iv) शनि के चारों ओर वलय है। | 1 |
| **(vi)** | शनि ग्रह की विशालता में कितनी पृथ्वियाँ समा सकती हैं?<br>(i) 143<br>(ii) 150<br>(iii) 750<br>(iv) 210 | 1 |
| **(vii)** | शनि के वलयों की खोज किसने की थी ?<br>(i) कोपरनिकस ने<br>(ii) गैलीलियो ने<br>(iii) न्यूटन ने<br>(iv) सुकरात ने | 1 |
| **(viii)** | शनि का उपग्रह टाइटन अद्भुत कैसे है ?<br>(i) यह चन्द्रमा से छोटा है।<br>(ii) यह चन्द्रमा से बड़ा है।<br>(iii) यहाँ मीथेन गैस पर्याप्त मात्रा में है।<br>(iv) कोई विकल्पउचित नहीं है। | 1 |
| **(ix)** | क्रमानुसार शनि की स्थिति क्या है ?<br>(i) पहला<br>(ii) तीसरा<br>(iii) चौथा<br>(iv) छठा | 1 |
| **(x)** | शनि के उपग्रहों की संख्या क्या है?<br>(i) दस<br>(ii) सत्रह | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) बारह<br>(iv) तेरह | |
| **प्रश्न-2** | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए -** | **1X5=5** |
| | अचल खड़े रहते जो ऊंचा शीश उठाए तूफानों में,<br>सहनशीलता दृढ़ता हंसती जिनके यौवन के प्राणों में।<br>वही पंथ बाधा को तोड़े बहते हैं जैसे हो निर्झर,<br>प्रगति नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर।<br>आज देश की भावी आशा बनी तुम्हारी ही तरुणाई,<br>नए जन्म की श्वास तुम्हारे अंदर जगकर है लहराई।<br>आज विगत युग के पतझर पर तुमको नव मधुमास खिलाना,<br>नवयुग के पृष्ठों पर तुमको है नूतन इतिहास लिखाना।<br>उठो राष्ट्र के नवयौवन तुम दिशा-दिशा का सुन आमंत्रण,<br>जगो, देश के प्राण जगा दो नए प्रात का नया जागरण।<br>आज विश्व को दिखला दो हममें भी जागी तरुणाई,<br>नई किरण की नई चेतना में हमने भी ली अंगड़ाई। | |
| **(i)** | **उपर्युक्त काव्यांश का वर्ण्य-विषय क्या है ?**<br>क. राष्ट्र का नव निर्माण<br>ख. प्राकृतिक सुषमा<br>ग. नव जागरण<br>घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं | 1 |
| **(ii)** | **कवि नवयुवकों का आह्वान कर रहा है ?**<br>क. त्यागी बनने के लिए<br>ख. बलिदान देने के लिए<br>ग. पलायनवादी बनने का लिए<br>घ. देश के नवयुग निर्माण हेतु | 1 |
| **(iii)** | **नव जागरण को बाह्य न कहकर आंतरिक गुण क्यों कहा है ?**<br>क. यह लगन व पक्की धुन है<br>ख. यह भाव स्वतः हृदय से जागृत होता है<br>ग. यह आंतरिक चेतना है<br>घ. उपर्युक्त सभी | 1 |
| **(iv)** | **'जगो, देश के प्राण जगा दो' पंक्ति में किस रस का संचार हुआ है ?**<br>क. करुण रस<br>ख. शांत रस | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग. वीर रस<br>घ. रौद्र रस | |
| **(v)** | **कवि बार बार किसे संबोधित कर रहा है ?**<br>क. नवयुवकों को<br>ख. प्रकृति को<br>ग. पर्वत को<br>घ. झरने को | 1 |
| | **अथवा** | |
| | साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे हैं<br>जाग्रत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं<br>शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे ?<br>कायरता से कहाँ हमने प्राण त्यागे हैं ?<br>हैं हमीं प्रकम्पित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय<br>फिर एक बार हे विश्व गाओ, तुम भारत की विजय<br>कहाँ प्रकाशित नहीं रहा है तेज हमारा<br>दलित कर चुके शत्रु सदा हम पैरों द्वारा<br>बतलाओ तुम कौन नहीं जो हम से हारा<br>पर शरणागत हुआ कहाँ कब हमें न प्यारा<br>बस युध्द मात्र को छोडकर कहाँ नहीं हैं हम सदय<br>फिर एक बार हे विश्व। तुम गाओ भारत की विजय। | |
| **(i)** | हमीं पहले जागे हैं' से क्या अभिप्राय है ?<br>(i) हम सबसे पहले जागरुक हुए<br>(ii) हम सबसे पहले बदनाम हुए<br>(iii) हम सबसे पहले डर गए<br>(iv) हम सबसे पहले भाग गए | 1 |
| **(ii)** | 'हैं हमीं प्रकम्पित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय' से भारतवासियों की किस विशेषता का पता लगता है?<br>(i) वीरता<br>(ii) कायरता<br>(iii) मानवता<br>(v) दोस्ती | 1 |
| **(iii)** | -'सुरपति' का अर्थ है ?<br>(i) भगवान<br>(ii) देवराज<br>(iii) देवता<br>(iv) दानव | 1 |
| **(iv)** | -'शरणागत' का अर्थ है ?<br>(i) शरण की इच्छा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) शरण का भाव<br>(iii) शरण में आया हुआ<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| **(v)** | -'प्रकाशित' पद मे प्रत्यय है –<br>(i) प्र<br>(ii) शित<br>(iii) इत<br>(iv) आशित | 1 |
| **प्रश्न-3** | **दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए -** | **1x5=5** |
| **(i)** | **वाचडाग पत्रकारिता का क्या कार्य है?**<br>1- सरकार के कार्यों का प्रचार करना<br>2- विपक्षी दल के कार्यों पर निगरानी रखना<br>3- सामान्य जनता की कमियाँ बताना<br>4- सरकारी कामकाज की गड़बड़ी का पर्दाफाश करना | 1 |
| **(ii)** | **संचार में आने वाली बाधा को क्या कहते हैं?**<br>क. बाधा<br>ख. एनकोडिंग<br>ग. शोर<br>घ. प्रतिपुष्टि | 1 |
| **(iii)** | **(1) एडवोकेसी पत्रकारिता को और किस नाम से जाना जाता है?**<br>1- निष्पक्ष पत्रकारिता ख- पक्षधर पत्रकारिता<br>2- खोजी पत्रकारिता घ- विशेष पत्रकारिता | 1 |
| **(iv)** | **फिल्म जगत और फैशन से संबन्धित पत्रकारिता क्या कहलाती है?**<br>1- पीत पत्रकारिता ख- फैशन पत्रकारिता<br>ग- पेज थ्री पत्रकारिता घ- सांस्कृतिक पत्रकारिता | 1 |
| **(v)** | **पीत पत्रकारिता का संबंध कैसी खबरों से होता है ?**<br>क- व्यापारिक खबरों से ख- सामाजिक खबरों से<br>ग- सनसनीखेज खबरों से घ- फिल्मी खबरों से | 1 |
| **प्रश्न-4** | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए -** | **1x5=5** |
| | चंपा बोली : तुम कितने झूठे हो, देखा,<br>हाय राम, तुम पढ़ –लिख कर इतने झूठे हो<br>मै तो ब्याह कभी न करूँगी<br>और कहीं जो ब्याह हो गया | |

| | | |
|---|---|---|
| | मैं तो अपने बालम को संग साथ रखूंगी<br>कलकत्ता मैं कभी न जाने दूंगी<br>कलकत्ते पर बजर गिरे \| | |
| **(i)** | **कथन – 1 चंपा की भाषा सम्मानपूर्ण और शोभनीय नहीं है \|**<br>**2 चंपा की भाषा स्नेह और सम्मान से भरपूर है \|**<br>**3 चंपा की भाषा अपने वातावरण के अनुसार स्वाभाविक –सरल है \|**<br>**4 चंपा की भाषा में "तुम" सम्माननीय ही है \|**<br>1. 1 ठीक है<br>2. 2, 3 ठीक है<br>3. 2, 3, 4, ठीक है<br>4. 1 और 4 ठीक है | 1 |
| **(ii)** | **"हाय राम" और "देखा" शब्द किस चीज की पूर्ति कर रहे हैं ?**<br>क. ये भावबोधक है<br>ख. ये तकिया कलाम है<br>ग. ये व्यर्थ के शब्द है<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **(iii)** | **चंपा स्वभाव से कैसी है ?**<br>क. मुँहजोर<br>ख. उदंड<br>ग. मनमानी, जिद्दी<br>घ. भावुक और मुखर | 1 |
| **(iv)** | **चंपा अपने बालम को अपने संग रखने की हठ क्यों करती है ?**<br>**1 वह सयानी है**<br>**2 उसके अनुभव अच्छे नहीं है**<br>**3 उसने परदेश गए दूल्हो के बारे में गलत ही सुना है**<br>**4 वह विवाह के बाद अलग रहना पसंद नहीं करती**<br>क. 1 और 2 ठीक है<br>ख. 2 और 4 ठीक है<br>ग. 2 ठीक है<br>घ. 4 ठीक है | 1 |
| **(v)** | **"कलकत्ते पर बजर गिरे" में चंपा की कौन –सी पीड़ा है ?**<br>क. वह बड़े नगरों से घृणा करती है<br>ख. कलकत्ता जाकर बालम खो जाता है<br>ग. कलकत्ता के लोग बहुत स्वार्थी होते हैं<br>घ. कलकत्ता की कन्याएँ बालम को रिझा लेती है | 1 |
| **प्रश्न-5** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए –** | **1x5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | क्या आंख बंद करके मनमाने हुक्म चलाना और किसी की कुछ न सुनने का नाम ही शासन है? क्या प्रजा की बात पर कभी कान न देना और उसको दबाकर उसकी मर्जी के विरुद्ध जिद्द से सब काम किए चले जाना ही शासन कहलाता है?<br>एक काम तो ऐसा बतलाइए, जिसमें आपने जिद्द छोड़कर प्रजा की बात पर ध्यान दिया हो। कैसर और जार भी घेरने-घोटने से प्रजा की बात सुन लेते हैं पर आप एक मौका तो बताइए, जिसमें किसी अनुरोध या प्रार्थना सुनने के लिए प्रजा के लोगों को आपने अपने निकट फटकने दिया हो और उनकी बात सुनी हो।<br>नादिरशाह ने जब दिल्ली में कत्लेआम किया तो आसिफ़जाह के तलवार गले में डालकर प्रार्थना करने पर उसने कत्लेआम उसी दम रोक दिया। पर आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने जरा भी ध्यान नहीं दिया। इस समय आपकी शासन-अवधि पूरी हो गई है तथापि बंग-विच्छेद किए बिना घर जाना आपको पसंद नहीं है! नादिर से भी बढ़कर आपकी ज़िद्द है। | |
| **(i)** | **लेखक ने लार्ड कर्ज़न की आलोचना क्यों की है ?**<br>क. लॉर्ड कर्ज़न से जलन के कारण<br>ख. लॉर्ड कर्ज़न के कार्यों के कारण<br>ग. लेखक लॉर्ड कर्ज़न को अपना प्रतिद्वंद्वी मनाता था<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **(ii)** | **लेखक ने लार्ड कर्ज़न की तुलना कैसर और ज़ार से क्यों की है ?**<br>क. समाज के लिए किए गए महान कार्यों के लिए<br>ख. राज्य का शासक होने के कारण<br>ग. अपनी हठ धर्मिता के कारण<br>घ. एक अच्छे प्रशासक के कारण | 1 |
| **(iii)** | **लार्ड कर्ज़न और नादिरशाह में क्या समानता बताई गई है ?**<br>क. क्योंकि उन्होंने कभी भी जनता के हितों ध्यान नहीं रखा ।<br>ख. क्योंकि उन्होंने हमेशा जनता के हितों ध्यान रखा ।<br>ग. क्योंकि उन्होंने कभी- कभी जनता के हितों ध्यान भी रखा ।<br>घ. इनमें से कोई नहीं । | 1 |
| **(iv)** | **क्या किए बिना लार्ड कर्ज़न को घर जाना पसंद नहीं था?**<br>क. अपना पद नहीं छोड़ने पर<br>ख. अपने पसंद के व्यक्ति को इच्छित पद पर रखने की ज़िद<br>ग. बंगाल विभाजन करना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | घ. इनमें से कोई नहीं | |
| (v) | **'विदाई सभाषण' पाठ में किसकी विदाई की बात हो रही है?**<br>क. लेखक की<br>ख. लॉर्ड कर्ज़न की<br>ग. शिवशंभु के गायों की<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **प्रश्न-6** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को लिखिए–** | **1x10=10** |
| (i) | **राजस्थान में कुई की गहराई और व्यास तथा सामान्य कुओं की गहराई और व्यास के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**<br>क. कुआं और कुई की गहराई तो असमान होती है पर व्यास समान होते हैं ।<br>ख. कुआं और कुई की गहराई तो समान होती है पर व्यास असमान होते हैं ।<br>ग. गहराई और व्यास दोनों समान होते हैं।<br>घ. गहराई और व्यास दोनों असमान होते हैं। | 1 |
| (ii) | **'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ -लता मंगेशकर' पाठ के लेखक कौन हैं?**<br>क. प्रेमचंद<br>ख. मन्नू भंडारी<br>ग. बाल मुकुंद गुप्त<br>घ. कुमार गंधर्व | 1 |
| (iii) | **शास्त्रीय संगीत का स्थायी भाव है-**<br>क. जलदलय<br>ख. गंभीरता<br>ग. चपलता<br>घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (iv) | **कृषि संबंधी गीतों को किस प्रकार की संगीत धुनों के अंतर्गत रखा जा सकता है?**<br>1. लोक संगीत धुन<br>2. पाश्चात्य संगीत धुन<br>3. शास्त्रीय संगीत धुन<br>4. मिश्रित संगीत धुन | 1 |
| (v) | **निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुइयों पर ग्राम समाज का अंकुश क्यों लगा रहता है?**<br>क . प्रधान की मनमानी के कारण<br>ख. वर्षा के देवता को प्रसन्न करने के लिए<br>ग. सरकारी आदेश के कारण<br>घ. जिससे सभी को बराबर मात्रा में जल मिल सके | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (vi) | **चेजारों के साथ समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फ़र्क आया है?**<br>क. अब उन्हें केवल मज़दूरी देकर विदा किया जाता है ।<br>ख. काम पूरा होने के बाद भेज दिया था और विदाई के समय भेंटे दी जाती हैं ।<br>ग. फसल आने पर खलिहान में अनाज का एक ढेर उनके लिए रखा जाता है ।<br>घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं । | 1 |
| (vii) | **कुंई का मुंह छोटा रखने में निम्न में से कौन-सा एक कारण है?**<br>क. कुंई का मुंह छोटा रखने से लोग कम मात्रा में पानी निकाल पाएंगे ।<br>ख. दिन-भर में एक कुंई में मुश्किल से आठ-दस घड़ा पानी ही एकत्रित हो पाता है ।<br>ग. कुंई का मुंह छोटा रखने से लोग अधिक मात्रा में पानी निकाल पाएंगे ।<br>घ. कुंई का मुंह छोटा रखने से उसमें किसी के गिरने की संभावना नहीं रहती । | 1 |
| (viii) | **गाने का ऐसा अंदाज़, जो एक सुनने वाले व्यक्ति को भी भाव विभोर कर दे, उसे क्या कहा जाता है?**<br>क. गानपन<br>ख. स्वरों की निर्मलता<br>ग. स्वरलिपि<br>घ. नादमय उच्चार | 1 |
| (ix) | **चित्रपट संगीत के कारण सुंदर *<u>स्वर मालिकाएं</u>* लोगों के कानों पर पड़ रही है \|**<br>**रेखांकित शब्द का अर्थ है –**<br>क. शब्दों का क्रमबद्ध समूह<br>ख. स्वरों का क्रमबद्ध समूह<br>ग. वर्णों का क्रमबद्ध समूह<br>घ. गीतों का क्रमबद्ध समूह | 1 |
| (x) | **<u>कथन</u>-आजकल घरों में सुनाई देने वाले बच्चों के गाने में बड़ा अंतर हो गया है \| आजकल के नन्हें-मुन्ने भी स्वर में गुनगुनाते हैं\|**<br>**<u>कारण</u>- लता इस जादू का कारण है \|**<br>क. कथन सही व कारण गलत हैं<br>ख. कथन गलत व कारण सही हैं<br>ग. कथन व कारण दोनों सही हैं<br>घ. कथन व कारण दोनों गलत हैं | 1 |
| | **खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **प्रश्न-7** | **दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-** | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1. नकली सामान, भरपूर विज्ञापन<br>2. छोटा परिवार-एकाकी परिवार<br>3. आत्मनिर्भर भारत और बेरोजगारी<br>घ. चाँदनी रात और मैं | |
| **प्रश्न -8** | यात्रा में रेल – कर्मचारी के अभद्र व्यवहार की शिकायत करते हुए रेल – अधिकारी को एक पत्र लिखिए \|<br>**अथवा**<br>कुछ दूरदर्शन चैनल अपराध-कथाओं और अंधविश्वासों पर विशेष बल देकर मीडिया के मूल कर्त्तव्य और जिम्मेदारी से पलायन कर रहे हैं । इस संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए संपादक, दैनिक भास्कर, महात्मा गाँधी रोड, नई दिल्ली को एक पत्र लिखिए। | **5** |
| **प्रश्न-9** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)** | डायरी लेखन का उद्देश्य साहित्य की मुख्यधारा से भिन्न होता है, कैसे ? | 2 |
| **(ii)** | **नीचे दी गए किसी एक अवसर की डायरी 50 शब्दों में लिखिए -**<br>(1) प्रथम बार भाषण देने के अनुभव को डायरी में लिखिए \|<br>(2) जब आपने किसी की सहायता की, उस अनुभव को डायरी में लिखिए \| | 2 |
| **(iii)** | **निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए-**<br>**'संदर्भ ग्रंथ' एवं 'साहित्य कोश'** | 2 |
| **प्रश्न-10** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-** | **3** |
| **(i)** | शब्दकोश किसे कहते हैं स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| **(ii)** | मैदान, पौधा, पानी, तुलसी, जल, छिडकाव, घास, गमला, खाद -शब्दों को हिंदी शब्द-कोश के अनुसार क्रम में लिखिए \| | 3 |
| **प्रश्न-11** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)** | शिवशम्भु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? | 2 |
| **(ii)** | धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंदी क्यों नहीं समझता था ? | 2 |
| **(iii)** | कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ गया ? कारण लिखे \| | 2 |
| **प्रश्न-12** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **3x2=6** |
| **(i)** | कवि अपनी वास्तविक स्थिति को पिता से क्यों छिपाना चाहता है ? | 3 |
| **(ii)** | कुछ दिन बालम संग साथ रह चला जाएगा जब कलकत्ता–के द्वारा कवि ने किस ओर संकेत किया है ? | 3 |
| **(iii)** | मीरा जगत को देखकर क्यों रोती हैं? | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न-13** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)** | चपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती-से कवि का क्या तात्पर्य है ? | 2 |
| **(ii)** | लोक- लाज खोने का अभिप्राय क्या है ? मीरा के पद के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए\| | 2 |
| **(iii)** | 'घर की याद' कविता में पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा गया है ? | 2 |
| **प्रश्न-14** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **3x2=6** |
| **(i)** | 'नमक का दारोगा' कहानी में 'धन पर धर्म की विजय' की कहानी है। प्रमाण द्वारा स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| **(ii)** | लेखिका ने पाठ में मियां नसीरुद्दीन का शब्दचित्र कैसे खींचा है? | 3 |
| **(iii)** | बारिश का दृश्य चित्रित करने में क्या मुश्किल आई और उसका समाधान किस प्रकार हुआ? | 3 |
| **प्रश्न-15** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-** | **3x1=3** |
| **(i)** | कुमार गन्धर्व ने लता को बेजोड़ गायिका क्यों कहा है ? | 3 |
| **(ii)** | चेलवांजी को कुंई के भीतर कार्य करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए ? | 3 |